दिन– मंगलवार    दिनांक– 25 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।    अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पटना में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की की उन्नीसवीं किस्त जारी की। कहा – बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कई प्रावधान किये गये हैं।

03. बिहार ने स्वास्थ्य, ऊर्जा और डाक सेवा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की। मरीजों का आभा के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण के मामले में राज्य पूरे देश में पहले स्थान पर।

04. और, राज्य सरकार ने राशन कार्ड को आधार से लिंक कराने की अंतिम समय सीमा इकतीस मार्च तक बढ़ाई।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पटना में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगी। समारोह का आयोजन बापू सभागार में होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत देश और विदेश के कई जाने–माने चिकित्सक और पीएमसीएच के पूर्ववर्ती विद्यार्थी भी मुख्य समारोह में मौजूद रहेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से.....

———रिपोर्ट———

इधर, राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। शहर के अलग–अलग जगहों पर चालीस दंडाधिकारियों के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिसबलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं, राजधानी पटना की यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर में आयोजित समारोह से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी की। योजना की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री मोदी ने बिहार के पचहत्तर लाख किसानों समेत देशभर के नौ करोड़ अस्सी लाख लाभार्थी किसानों के खातों में बाईस हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण डीबीटी के माध्यम से भेजी। इस अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए कई प्रावधान किये गये हैं। उन्होंने कहा कि उनकी परिकल्पना है कि दुनिया की प्रत्येक रसोई घर में भारतीय किसान द्वारा उत्पादित कम से कम एक व्यंजन होना चाहिए।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा की गयी है, जिसका सबसे अधिक लाभ बिहार के मखाना किसानों को होगा।

———बाइट———

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार से राज्य को विभिन्न योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि मिल रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य के समन्वय से प्रदेश में विकास की गति और तेज होगी।

———बाइट—————

---

बिहार ने तीन सेवा क्षेत्रों— स्वास्थ्य, ऊर्जा और डाक सेवा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य ने इन तीनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में पहला स्थाना प्राप्त किया है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

बिहार मरीजों के आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट, आभा के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, राज्य में अब तक आभा आधारित स्कैन एंड शेयर सेवा से दो करोड़ से अधिक टोकन बनाए जा चुके हैं। साथ ही, तीन करोड़ से अधिक लाभार्थियों का इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड, ईएचआर बनाकर राज्य ने देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, उपभोक्ता सेवा के मानकों पर देशभर की बिजली कंपनियों में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने ए—ग्रेड हासिल किया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से जारी कंज्यूमर सर्विस रेटिंग 2023—24 में कंपनी को ए—ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह ग्रेडिंग उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट और निर्बाध बिजली सेवा प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके अलावा समय पर चिट्ठी पहुंचाने में डाक विभाग का बिहार सर्किल लगातार तीसरे साल पहले स्थान पर रहा है। सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार बिहार सर्किल से 96 प्रतिशत चिट्ठियों को निर्धारित समय पर पहुंचाया जा रहा है। पटना जीपीओ से सबसे ज्यादा समय पर चिट्ठियां पहुंचायी जा रही हैं। दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से बेगूसराय, सीतामढ़ी और पटना साहिब डिवीजन हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं डॉ. सविता पारीक।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने राशन कार्ड को आधार से लिंक कराने की अंतिम तिथि इकतीस मार्च तक बढ़ा दी है। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने सभी राशन कार्डधारियों से अनुरोध किया है कि वे अपने राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य की आधार सीडिंग इकतीस मार्च तक करा लें। राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य देश के किसी भी लक्षित जन वितरण प्रणाली विक्रेता की दुकान पर इ–पॉश के माध्यम से निःशुल्क आधार सीडिंग करा सकते हैं।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने इस वर्ष एक लाख अट्ठासी हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए चालू वित्तीय वर्ष में दो हजार तीन सौ उनतालीस करोड़ की एक हजार पांच सौ सोलह योजनाओं को स्वीकृति दी गयी है।

———बाइट———

———————————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा आज पटना में पार्टी की प्रदेश स्तरीय कोर कमिटी की बैठक में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी।

———————————————————————————

बिहार कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कांग्रेस नेताओं से आम लोगों के बीच जाने की अपील की है। पार्टी की पटना जिला इकाई के नेताओं के साथ बैठक में उन्होंने जनसंपर्क और जनसंवाद को दुरुस्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही उन्होंने पार्टी की भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा की।

———————————————————————————

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा आज बिहारशरीफ में आयोजित पार्टी की आमसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के कार्यालय सचिव इंदुभूषण वर्मा ने बताया कि वे कल पटना में राज्य कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होंगे।

---

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को दो वर्षीय बीएड और शिक्षा शास्त्री प्रवेश परीक्षा, दो हजार पच्चीस के लिए नोडल विश्वविद्यालय बनाया गया है। राजभवन की ओर से इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी ने विश्वविद्यालय को लगातार छठी बार यह दायित्व मिलने पर राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां के प्रति आभार जताया है।

---

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बिहार ओलंपिक संघ के मामलों की जांच के लिए तदर्थ समिति के गठन के निर्णय को खारिज कर दिया है। यह निर्णय भारतीय ओलंपिक संघ ने किया था। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने बिहार ओलंपिक संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया है।

---

राजेंद्र सेतु पर निर्माण कार्य को लेकर आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक सेतु पर सड़क मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान एम्बुलेंस और अन्य अनिवार्य सेवाओं को छोड़कर किसी भी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रेलवे द्वारा पटना और बेगूसराय जिला प्रशासन को इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भागलपुर दौरे से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – कांग्रेस–राजद ने बिहार को बर्बाद किया–मोदी।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – मोदी का मिशन बिहार, नीतीश को लाडला सीएम बताया, कहा– चारा खाने और महाकुंभ को गाली देने वालों को बिहार माफ नहीं करेगा।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है –प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार का हो रहा है विकास।

**प्रभात खबर** ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है – एससी की उपजाति संबंधी शब्दावली को बदलने पर विचार करे केंद्र।

**राष्ट्रीय सहारा** और **आज अखबार** समेत सभी समाचार पत्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के पटना आगमन से जुड़ी खबरों को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पटना में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की की उन्नीसवीं किस्त जारी की। कहा – बजट में कृषि क्षेत्र के लिए कई प्रावधान किये गये हैं।

03. बिहार ने स्वास्थ्य, ऊर्जा और डाक सेवा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की। मरीजों का आभा के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण के मामले में राज्य पूरे देश में पहले स्थान पर।

04. और, राज्य सरकार ने राशन कार्ड को आधार से लिंक कराने की अंतिम समय सीमा इकतीस मार्च तक बढ़ाई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।